आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 30.12.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो आज रात नौ बजकर 58 मिनट पर श्री हरिकोटा से दो उपग्रह प्रक्षेपित करेगा।
- मेजर जनरल मनोज तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड में अग्निवीर के दो हजार रिक्त पदों पर जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
- नगर निकाय चुनाव के नामांकन का आज अंतिम दिन।
- सोमवती अमावस्या स्नान पर्व पर आज हरिद्वार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

इसरो

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो आज रात नौ बजकर 58 मिनट पर श्री हरिकोटा से दो उपग्रह प्रक्षेपित करेगा। इसका उद्देश्य कक्षा में अंतरिक्ष यानों को जोड़ने और अलग करने की प्रक्रिया दर्शाना है। इस प्रक्षेपण के साथ ही भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला विश्व का चौथा देश हो जाएगा। इसरो का प्रक्षेपण यान पीएसएलवी– 60, जनवरी के पहले सप्ताह में दो उपग्रह– एसडीएक्स–01 और एसडीएक्स–02 को चार सौ 76 किलोमीटर की कक्षा में स्थापित करेगा और प्रक्षेपण यानों को जोड़ने और अलग करने का प्रायोगिक प्रदर्शन भी करेगा। स्पेडेक्स मिशन अंतरिक्ष के अन्वेषण में भारत के भावी प्रयासों में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इन प्रयासों में चन्द्रमा की सतह से चट्टान और मिट्टी लाने, प्रस्तावित भारतीय अंतरिक्ष केन्द्र की स्थापना और चांद की सतह पर अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने के प्रयास शामिल होंगे। अब तक केवल अमरीका, रूस और चीन ने स्पेस डॉकिंग तकनीक में महारथ हासिल की है। इस मिशन का दूसरा उद्देश्य स्थापित अंतरिक्ष यानों के बीच विद्युत ऊर्जा का स्थानांतरण है, जो भविष्य के अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक है।

मुलाकात

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आज मुख्यमंत्री आवास पर उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड के जोनल भर्ती अधिकारी मेजर जनरल मनोज तिवारी ने मुलाकात की। इस बैठक में मेजर जनरल तिवारी ने बताया कि अग्निवीर भर्ती में उत्तराखंड से चार हजार पांच सौ अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि दो हजार और रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। इसके अलावा, राज्य और जिला स्तर पर युवाओं को अधिक से अधिक अवसर देने के लिए भर्ती कैंप भी लगाए जाएंगे।

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सेना के भर्ती शिविरों के आयोजन के लिए राज्य सरकार की ओर से सेना को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सैनिक बहुल राज्य है, और सेना के लिए किसी भी प्रकार के प्रशासनिक सहयोग में राज्य सरकार हमेशा तैयार रहेगी।

## मौसम

उत्तराखंड के अधिकांश हिस्सों में आज मौसम साफ बना है। बारिश और बर्फबारी के बाद राज्य में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के बाद ठंडी हवाओं के चलने से ठिठुरन बढ़ गई है। वहीं, मैदानी इलाकों में भी तापमान में कमी आई है। आज सुबह राजधानी देहरादून सहित राज्य के मैदानी हिस्सों में कईं जगह पर मध्यम से घना कोहरा छाया रहा, जिसके चलते वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि दोपहर के समय अधिकांश स्थानों पर चटक धूप खिली है। इस बीच, मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम साफ बने रहने की उम्मीद है।

## पुन:निर्माण कार्य बंद

इस बीच, विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में ढाई फीट तक बर्फबारी से पुनर्निर्माण कार्य फिलहाल बंद कर दिए गए हैं और अधिकतर श्रमिक वापस लौट आए हैं। वहीं बारिश और बर्फबारी से निचले इलाकों में खेती को भी लाभ मिला है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में 33 मिलीमीटर बारिश हुई है। उधर, बारिश और बर्फबारी के मद्देनजर जिला पूर्ति विभाग ने आगामी फरवरी तक का राशन का कोटा सभी गोदामों को भेज दिया है। साथ ही बर्फ प्रभावित गौंडार, तोषी, चिलौंड, चौमासी सहित 12 से अधिक गांवों के लिए रसोई गैस की सप्लाई भी निकटवर्ती गोदामों में कर दी गई है।

## प्रवेश परीक्षा

ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2025 के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अधिसूचना जारी कर दी है। सैनिक स्कूल में छठवीं और नवीं कक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 25 जनवरी तय की गई है। प्रवेश परीक्षा के लिए सामान्य वर्ग व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आवेदन शुल्क आठ सौ रुपए और आरक्षित वर्ग के छात्रों के लिए आवेदन शुल्क छह सौ पचास रुपये निर्धारित किया गया है।

## कार्यशाला

गोविन्द बल्लभ पन्त राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, कोसी–कटारमल में 28 और 29 दिसम्बर को दो दिवसीय वित्त एवं लेखा विशेषज्ञता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में संस्थान के वित्त, लेखा, प्रशासनिक विभागों और क्षेत्रीय केन्द्रों के लगभग 30 कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यशाला के पहले दिन विशेषज्ञों ने टैक्स, जीएसटी और वित्तीय नियमों पर व्याख्यान दिया, जबकि दूसरे दिन वित्तीय सॉफ़्टवेयर, टैली ई.आर.पी और डिजिटल वाउचर बनाने पर प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिया गया।

निकाय चुनाव

नगर निकाय चुनाव के नामांकन का आज आखिरी दिन है। भाजपा–कांग्रेस सहित विभिन्न निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव में अपनी दावेदारी पेश करने के लिए नामांकन कर रहे हैं। इस बीच, शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 11 मेयर सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पार्टी ने पहले छह सीटों के लिए और फिर बाकी पांच सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। किरण जैसल हरिद्वार से, आशा उपाध्याय श्रीनगर, शैलेन्द्र रावत कोटद्वार से, कल्पना देवलाल पिथौरागढ से, अजय वर्मा अल्मोडा से और विकास शर्मा रुद्रपुर से पार्टी के उम्मीदवार हैं। भाजपा ने देहरादून मेयर के लिए सौरभ थपलियाल, ऋषिकेश के लिए शंभू पासवान, रुड़की के लिए अनीता देवी अग्रवाल, हलद्वानी में गजराज सिंह बिष्ट और काशीपुर के लिए दीपक बाली को मैदान में उतारा है। वहीं, कांग्रेस ने भी निकाय चुनाव में पांच और मेयर सीट के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं। पार्टी ने कुल आठ नगर निगमों में प्रत्याशी घोषित किये हैं। नगर निगम ऋषिकेश में दीपक जाटव, हरिद्वार में अमरेश वालियान, रुड़की में पूजा गुप्ता, रुद्रपुर में मोहन खेड़ा और अल्मोड़ा में भैरव गोस्वामी को मेयर पद के लिये प्रत्याशी घोषित किया गया है। गौरतलब है कि राज्य में 11 नगर निगमों, 43 नगर पालिका परिषदों और 46 नगर पंचायतों सहित 100 नगर निकायों के लिए चुनाव 23 जनवरी को होने हैं। मतदान मतपत्रों से होगा और नतीजे 25 जनवरी को परिणाम घोषित किए जाएंगे।

सोमवती स्नान

सोमवती अमावस्या स्नान पर्व पर आज हरिद्वार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। स्नान के लिए तड़के से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। तीर्थ पुरोहित पंडित जितेंद्र पांडे का कहना है कि आज वर्ष का अंतिम बड़ा स्नान है। आज के दिन लोग अपने पितरों के प्रति स्नान, दान, हवन तर्पण और पिंडदान कर रहे हैं। इससे, पितृ दोष से मुक्ति मिलती है और पितरों को मोक्ष पर की प्राप्ति होती है। आज इस साल का आखिरी सोमवती स्नान पर्व है। भीड़ प्रबंध और व्यवस्था को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। पुलिस ने पूरे मेला क्षेत्र को चौदह जोन और उनतालीस सेक्टर में बांटा है। साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत ट्रैफिक योजना के तहत रूट डायवर्जन लागू किया गया है। चंडी चौक से वाल्मीकि चौक और शिवमूर्ति चौक तक और शिवमूर्ति चौक से हरकी पौड़ी तक तथा भीमगोड़ा बैरियर से हरकी पौड़ी तक जीरो जोन घोषित किया गया है। दिल्ली से आने वाले वाहन मेरठ, मुजफ्फरनगर, नारसन, मंगलौर, कोर कालेज, ख्याति ढ़ाबा, गुरुकुल कांगड़ी, शंकराचार्य चौक से होकर अलकनंदा, दीनदयाल, पंतद्वीप और चमगादड़ टापू में पार्क किये जा रहे हैं।

पब्लिक स्पीक

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग, साप्ताहिक कार्यक्रम पब्लिक स्पीक में आज रात साढ़े नौ बजे ''आपदा से निपटने की प्रभावी तैयारियां'' विषय पर परिचर्चा प्रसारित करेगा। चर्चा के लिए हमारे स्टूडियो में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन मौजूद रहेंगे। आमंत्रित विशेषज्ञ से कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन की तैयारियों से जुड़े प्रश्न पूछे जा सकते हैं। श्रोता टेलीफोन नंबर 011—23 42 10 50 और 011—23 31 44 44 पर प्रश्न पूछ सकते हैं। वाट्सऐप नंबर 92—89—09—40—44 पर तथा सोशल मीडिया साइट एक्स पर हैशटैग आस्क ए.आई.आर. के साथ भी सवाल पोस्ट किये जा सकते हैं।

ट्रेन रद्द

किसान यूनियन द्वारा आज बुलाए गए पंजाब बंद के मद्देनजर रेलवे ने 150 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। किसान यूनियन ने आज सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक बंद का आह्वान किया है। उत्तर रेलवे के अनुसार, रद्द की गई ट्रेनों के अलावा 13 ट्रेनों के समय में भी बदलाव किया गया है।

क्रिकेट

मेलर्बन में खेले जा रहे बॉर्डर—गावस्कर ट्रॉफी के बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2—1 की बढ़त हासिल कर ली है। पांचवें दिन 340 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही भारतीय टीम मात्र 155 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से यशस्वी जयसवाल ने सर्वाधिक 84 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। जबकि, ऋषभ पंत ने 30 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम का विश्व टेस्ट चैम्पयनशिप के फाइनल में जाना लगभग तय हो गया है।